## संक्षिप्त समाचार

### अपराध विज्ञान प्रयोगशाला में लगी आग

यशोभूमि/ भाषा

**हैदराबाद।** हैदराबाद में शनिवार को तेलंगाना अपराध विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही दमकलकर्मी और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे एवं आग पर काबू पाया गया। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि आग पूर्वाह्न करीब सवा 10 बजे लगी। हमें इसकी सूचना 10 बजकर 22 मिनट पर मिली। इमारत की पहली मंजिल से धुआं निकल रहा था। आग को दो घंटे में बुझा दिया गया। उन्होंने बताया कि आग बुझाने के लिए दमकल की पांच गाड़ियां और एक रोबोट को लगाया गया। उन्होंने बताया कि आग पहली मंजिल के एक हिस्से तक ही सीमित रही और इस घटना में कुछ कंप्यूटर क्षतिग्रस्त हो गए।

### तीन व्यक्ति हत्या के दोषी ठहराए गए

यशोभूमि/ भाषा

**गंगावती (कर्नाटक)।** कर्नाटक में कोप्पल जिले की एक अदालत ने हम्पी के पास एक विदेशी समेत दो महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार और एक पुरुष पर्यटक की हत्या के मामले में तीनों आरोपियों को दोषी ठहराया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अदालत 16 फरवरी को अभियुक्तों की दलीलें सुनने के बाद उन्हें सजा सुनायेगी। यह वारदात पिछले साल मार्च में सनापुरा में विश्व धरोहर स्थल हम्पी के निकट 'तुंगभद्रा बायां तट नहर' के पास हुई थी। पुलिस के अनुसार जिन तीन लोगों को दोषी ठहराया गया है, वे छह मार्च, 2025 की रात को इन दो महिलाओं और उनके तीन अन्य पुरुष पर्यटक मित्रों के पास पहुंचे थे एवं उनसे पैसे मांगे थे।

### ड्रोन हमले में आठ बच्चों सहित 24 लोगों की मौत

यशोभूमि/ एपी

**काहिरा।** मध्य सूडान में शनिवार को एक कुख्यात अर्धसैनिक समूह द्वारा विस्थापित परिवारों को ले जा रहे एक वाहन पर ड्रोन से किए गए हमले में आठ बच्चों सहित कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। चिकित्सकों के एक समूह ने यह जानकारी दी। यह हमला विश्व खाद्य कार्यक्रम के सहायता काफिले पर हुए हमले के एक दिन बाद हुआ। 'सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क' ने बताया कि 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' द्वारा किया गया यह हमला उत्तरी कोरदोफान प्रांत के राहाद शहर के पास हुआ। चिकित्सकों के समूह ने एक बयान में बताया कि वाहन में विस्थापित लोग सवार थे, जो डुबेइकर क्षेत्र में जारी लड़ाई के दौरान भागकर आए थे।

### जनकपुरी हादसा दुर्भाग्यपूर्ण : सहरावत

यशोभूमि/ भाषा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जनकपुरी इलाके में जल बोर्ड द्वारा खोदे गए गहरे गड्ढे में गिरकर 25 साल के युवक कमल ध्यानी की मौत के मामले ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। इस दर्दनाक हादसे को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आई हैं। भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि वहां सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए थे,लेकिन यह समझ से बाहर है कि इलाके के निवासी उस गड्ढे के बीच से निकलने की कोशिश क्यों कर रहे थे। उन्होंने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि इस हादसे से उन्हें बहुत तकलीफ हुई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसे इलाकों में सुरक्षा नियमों का ध्यान रखें और लापरवाही न बरतें।

### व्यापार समझौते अवसरों के नए द्वार खोलेंगे

यशोभूमि/ भाषा

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केरल इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि दुनिया भारत पर दांव लगा रही है, जैसा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ हाल ही में हुए व्यापार समझौतों में परिलक्षित होता है, जो युवा उद्यमियों के लिए अवसरों के नये द्वार खोलते हैं। चंद्रशेखर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह 'संयोग से नहीं हुआ', बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'निर्णायक नेतृत्व, दीर्घकालिक दृष्टिकोण और प्रदर्शन आधारित राजनीति' के कारण हुआ।

# अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस पर 'उपद्रव' करने का लगाया आरोप

यशोभूमि/ भाषा

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित एक एसआईआर सुनवाई केंद्र पर तृणमूल कांग्रेस समर्थकों पर 'उपद्रव' करने का आरोप लगाया।

**एसआईआर का मामला**

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान जानबूझकर कानून-व्यवस्था बिगड़ने देने का राज्य सरकार पर आरोप लगाया। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने इस आरोप का खंडन करते हुए दावा किया कि आम जनता इस प्रक्रिया से असंतुष्ट है। अधिकारी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के 'तत्वों' ने फरक्का और चाकुलिया में पिछली घटनाओं की तरह, बदुरिया खंड कार्यालय के अंदर हंगामा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उपद्रवियों ने एसआईआर सुनवाई के दौरान परिसर में तोड़फोड़ की और अधिकारियों को धमकाया। शनिवार सुनवाई का अंतिम दिन है, यदि इसे बढ़ाया ना गया तो। अधिकारी ने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें कुछ गुस्साये लोग बीडीओ कार्यालय के कर्मचारियों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार करते दिख रहे हैं, जबकि अधिकारी उन्हें शांत करने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं भाजपा नेता ने बांग्ला भाषा में लिखे अपनी पोस्ट में आरोप लगाया कि राज्य में कोई कानून और व्यवस्था नहीं है और राज्य सरकार ने पुलिस कर्मियों को सुनवाई केंद्र से 'जानबूझकर हटा दिया है', ताकि तृणमूल कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की कथित अवैध गतिविधियां आसान हो सकें।



**राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी पर आरोप**

भाजपा नेता ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी पर आरोप लगाया कि वह मतदाता सूची में हेरफेर करने और 'अवैध मतदाताओं' की बिना किसी प्रशासनिक बाधा के सुरक्षा करने की कोशिश कर रही है। इस पर तृणमूल कांग्रेस प्रवक्ता देबांगशु भट्टाचार्य ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की इस घटना में कोई संलिप्तता नहीं है और इसे 'प्रताड़ना और वैध मतदाताओं को भाजपा द्वारा हटाने के प्रयास' के प्रति जनता की निराशा और रूप में देखा जाना चाहिए।

# व्यापार समझौते में ' हाउडी मोदी' पर भारी पड़ा 'नमस्ते ट्रंप' : रमेश

यशोभूमि/ भाषा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर जारी संयुक्त बयान से स्पष्ट हो गया है कि गले मिलने वाली कूटनीति का भारत के लिए कुछ खास नतीजा नहीं निकला। पार्टी

**'एक्स' पर किया पोस्ट**

महासचिव जयराम रमेश ने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा कि 'हाउडी मोदी' पर 'नमस्ते ट्रंप' भारी पड़ गया है। 'नमस्ते ट्रंप' और 'हाउडी मोदी' ट्रंप के पिछले कार्यकाल के दौरान भारत तथा अमेरिका के रिश्तों से जुड़े दो बड़े राजनीतिक-कूटनीतिक कार्यक्रम थे, जिनका आयोजन क्रमशः अहमदाबाद और ह्यूस्टन में हुआ था। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका-भारत के हाल ही में जारी संयुक्त वक्तव्य में विवरण नहीं दिए गए हैं, लेकिन जो बातें सामने आई हैं,उनसे यह स्पष्ट है



कि भारत अब रूस से तेल आयात नहीं करेगा। अलग से अमेरिका ने यह भी घोषणा की है कि यदि भारत सीधे या परोक्ष रूप से रूस से तेल खरीदता है तो 25 प्रतिशत का दंडात्मक शुल्क फिर से लगाया जा सकता है। उन्होंने दावा किया कि भारत, भारतीय किसानों की कीमत पर, अमेरिकी किसानों की मदद करने के लिए आयात शुल्क में कटौती करेगा। रमेश ने कहा किअमेरिका से भारत का वार्षिक आयात तीन गुना हो जाएगा, जिससे हमारा लंबे समय से चला आ रहा वस्तुओं का व्यापार अधिशेष खत्म हो जाएगा। अमेरिका को भारत की आईटी और अन्य सेवाओं के निर्यात को लेकर अनिश्चितता बनी रहेगी।

**तस्वीरें खिंचवाने का नतीजा नहीं निकला**

रमेश ने संयुक्त बयान का हवाला देते हुए दावा किया कि भारत के अमेरिका को वस्तुओं के निर्यात पर पहले से अधिक शुल्क लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गले मिलने और तस्वीरें खिंचवाने का कुछ खास नतीजा नहीं निकला। कांग्रेस नेता ने कटाक्ष करते हुए कहा कि 'हाउडी मोदी' पर'नमस्ते ट्रंप' भारी पड़ गया और 'दोस्त-दोस्त न रहा'।

# व्यापार समझौता विभिन्न क्षेत्रों को बनाएगा सशक्तः हिमंता

यशोभूमि/ भाषा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा तैयार होने से देश के विभिन्न क्षेत्रों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि

**सरमा ने 'एक्स' पर किया पोस्ट**

इससे नवाचार, तकनीकी साझेदारी, सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखला और विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। सरमा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के लिए बड़ी जीत। आदरणीय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने अमेरिका के साथ एक अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा तैयार कर ली है।



उन्होंने कहा कि यह समझौता 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देगा और उद्यमियों, लघु एवं मध्यम उद्यमों, स्टार्टअप्स, मछुआरों, महिलाओं व युवाओं को रोजगार एवं अवसर प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नवाचार, तकनीकी साझेदारी, सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखलाओं और विकास को बढ़ावा देता है, जिससे विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त होता है।

# जल्द शुरू होगी मुंबई-बेंगलुरु प्रीमियम ट्रेन सेवा : वैष्णव

यशोभूमि/भाषा

**बेंगलुरु।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि बेंगलुरु से मुंबई के लिए प्रीमियम ट्रेन सेवा जल्द शुरू होगी। वैष्णव ने कहा कि कर्नाटक को इस वर्ष के रेलवे बजट में रिकॉर्ड 7,748 करोड़ रुपये आवंटित किये गए हैं, जो कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग)

**कर्नाटक को रेलवे बजट में रिकॉर्ड रुपए आवंटित**

सरकार के दौरान आवंटित राशि से नौ गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि राज्य में रेलवे का कुल निवेश 52,950 करोड़ रुपये है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, बड़े पैमाने पर निवेश में रेल पटरियों का विस्तारीकरण, स्टेशन पुनर्विकास,



सुरक्षा, घोषणाएं, बेंगलुरु उपनगरीय क्षेत्र और कर्नाटक में कई नई परियोजनाएं शामिल होंगी।

रेलमंत्री ने यहां आयोजित संवाददता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, बहुत जल्द हम बेंगलुरु से मुंबई के लिए प्रीमियम ट्रेन सेवा शुरू करेंगे। तेजस्वी (सूर्या) जी (बेंगलुरु दक्षिण के सांसद) ने इस संबंध में संपर्क किया था, साथ ही कई अन्य अनुरोध भी प्राप्त हुए हैं। कई खंडों का दोहरीकरण किया जा रहा है, इसलिए बहुत जल्द हमारे पास और भी कई सेवाएं उपलब्ध होंगी।

**रेल परियोजना में हुई प्रगति**

वैष्णव ने कहा कि एक रेलवे अधिकारी को के-राइड का प्रबंध निदेशक नियुक्त किए जाने के बाद बेंगलुरु उपनगरीय रेल परियोजना में प्रगति हुई है। उन्होंने कहा, अब हमारे पास डिजाइन तैयार हैं। हमने निविदा दस्तावेज भी तैयार कर लिए हैं। रेलमंत्री ने यशवंतपुर-कोलार लाइन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि राज्य सरकार ने अपनी सहमति वापस ले ली है।

# पुरानी रंजिश में चाकू मारकर कपड़ा विक्रेता की हत्या

यशोभूमि/ भाषा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कार के 'साइड मिरर' को पहुंचे नुकसान के बाद उभरी पुरानी रंजिश में एक कपड़ा विक्रेता की चाकू घोपकर हत्या कर दी गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में दो नाबालिगों समेत चार लोगों को पकड़ा है।

**एक व्यक्ति घायल**

पुलिस ने बताया कि गौतमपुरी इलाके में हुई चाकूबाजी की इस घटना के संबंध में बदरपुर थाने में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) पर सूचना प्राप्त हुई। पुलिस की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां भीड़ जुटी हुई थी और घटनास्थल पर खून के धब्बे पाए गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों और प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कार का साइड मिरर टूटने के बाद कहासुनी शुरू हुई। पुलिस के अनुसार पीड़ितों की पहचान कपड़ा विक्रेता अरुण (25) और एम्स में सफाई कर्मी शिवम (25) के रूप में हुई। पुलिस ने कहा कि चाकूबाजी में घायल दोनों लोगों को इलाज के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। अरुण की गंभीर घाव के कारण इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि शिवम का इलाज किया जा रहा है।

# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत से शुरुआत

पृष्ठ 1 का शेष... यहां वानखेड़े स्टेडियम में आईसीसी टी20 विश्व कप के शुरुआती मैच में अमेरिका के खिलाफ नौ विकेट पर 161 रन बना लिए। खिताब के प्रबल दावेदार भारत के लिए सूर्यकुमार दबाव भरी परिस्थिति में संभलकर खेलते हुए अंत तक डटे रहे। उन्होंने 49 गेंद की नाबाद पारी में 10 चौके और चार छक्के जड़े। उनके अलावा केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके जिसमें तिलक वर्मा ने 25 रन और ईशान किशन ने 20 रन का योगदान दिया। 13वें ओवर में भारत का स्कोर छह विकेट पर 77 रन हो गया था और टीम बुरी तरह लड़खड़ा गई थी लेकिन सूर्यकुमार ने अकेले दम पर पारी को संभाला। दक्षिण अफ्रीका में जन्में शैडली वान शाल्कविक ने चार ओवर में



25 रन देकर चार विकेट झटके। सूर्यकुमार को छोड़कर भारत का मशहूर बल्लेबाजी लाइन-अप पूरी तरह नाकाम रहा और एक समय टीम बहुत कम स्कोर पर सिमटने की ओर बढ़ती दिख रही थी। संकेत शुरुआत में ही मिल गया था जब भारत पहली चार गेंद पर कोई रन नहीं बना सका। अमेरिकी गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का बिल्कुल भी मौका नहीं दिया। ईशान ने पांचवीं गेंद पर छक्का जड़कर खाता खोला, लेकिन दूसरे ओवर में अभिषेक शर्मा के पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट होने से भारत को पहला झटका लगा। दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज अभिषेक ने अली खान की गेंद पर सीधे डीप कवर पर संजय कृष्णमूर्ति को कैच थमा दिया और वानखेड़े स्टेडियम खामोश हो गया। अमेरिकी कप्तान मोनांक पटेल की बेहद सटीक तरीके से क्षेत्ररक्षकों के सजाया हुआ था। तिलक ने तीसरे ओवर में सौरभ नेत्रवलकर पर सीधा शॉट लगाकर दबाव कम किया और अगले ओवर में वान शाल्कविक के खिलाफ तीन चौके जड़े। ऐसा लगा कि भारत अब लय पकड़ रहा है। लेकिन ईशान छठे ओवर की पहली ही गेंद पर वान शाल्कविक की गेंद को सीधे मिड-ऑन पर मार बैठे। जबकि इससे पहले उन्हें जीवनदान मिल चुका था। वान शाल्कविक को यकीन नहीं हुआ जब तिलक एक शॉर्ट गेंद को ठीक से टाइम नहीं कर पाए और अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल को आसान कैच दे बैठे।

# विकास का भरोसेमंद साझेदार है भारत

पृष्ठ 1 का शेष... एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह समझते हैं, इसका कारण हमारी भाषाओं और मलय भाषा में बड़ी संख्या में मौजूद समान शब्द ही होंगे। उन्होंने कहा, कुआलालंपुर में भारतीय प्रवासियों के स्नेह के लिए मैं आभारी हूं। हमारा प्रवासी समुदाय भारत और मलेशिया के बीच एक मजबूत सेतु का काम करता आ रहा है। मोदी ने कहा कि उन्हें मलेशिया में आकर बहुत खुशी हो रही है, जो 2026 में उनकी पहली विदेश यात्रा है। उन्होंने कहा, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और मैं उनके प्रधानमंत्री बनने से पहले से ही दोस्त हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मलेशिया में रहने वाले तमिल प्रवासी विभिन्न क्षेत्रों में समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, दरअसल, तमिल प्रवासी



यहां कई सदियों से रह रहे हैं। इस इतिहास से प्रेरित होकर, हमें मलय विश्वविद्यालय में तिरुवल्लुवर चेयर की स्थापना करने पर गर्व है। अब हम अपनी साझा विरासत को और मजबूत करने के लिए एक तिरुवल्लुवर केंद्र स्थापित करेंगे। मोदी ने कहा कि विश्व में भारतीय मूल के लोगों का दूसरा सबसे बड़ा समुदाय मलेशिया में है और भारतीय और मलेशियाई लोगों के दिलों को जोड़ने वाली कई बातें हैं। उन्होंने कहा, मैंने हाल में अपने 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान 1.4 अरब भारतीयों के साथ साझा किया था कि मलेशिया में 500 से अधिक स्कूल बच्चों को भारतीय भाषाओं में पढ़ाते हैं।

# प्रधानमंत्री को संघ से सीधे जोड़कर देखना उचित नहीं

पृष्ठ 1 का शेष... समझने के लिए न केवल देश बल्कि विदेशों से भी लोग आते हैं। उन्होंने बताया कि विश्व के पांचों महाद्वीपों से लोग संघ की गतिविधियों का अध्ययन करने आते हैं और इसके कार्यों को लेकर जिज्ञासाएं प्रकट करते हैं। संघ का कार्य न किसी प्रतिस्पर्धा के परिणामस्वरूप शुरू हुआ और न ही किसी अन्य संगठन के विरोध में। उन्होंने कहा कि संघ की तुलना अक्सर अन्य संगठनों, संस्थानों या राजनीतिक दलों से कर दी जाती है, जिससे अनेक बार भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ में स्वयंसेवकों को शारीरिक प्रशिक्षण के अंतर्गत लाठी चलाना सिखाया जाता है, लेकिन संघ न तो सैन्य संगठन है और न ही कुश्ती का अखाड़ा। यहां भारतीय परंपरा पर आधारित गीत, संगीत, अनुशासन और संस्कारों के माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण तथा सामाजिक समरसता पर बल दिया जाता है। इतिहास का उल्लेख करते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि अंग्रेजों ने कांग्रेस की स्थापना एक 'सुरक्षा वाल्व' के रूप में की थी, लेकिन भारतीयों ने उसे स्वतंत्रता संग्राम का सशक्त माध्यम बना दिया। इसी प्रकार संघ भी समाज के भीतर सकारात्मक और रचनात्मक परिवर्तन के लिए सतत प्रयासरत है।

# भाजपा की रितु तावड़े का मेयर बनने का रास्ता साफ

पृष्ठ 1 का शेष... चाहती है। भाजपा महापौर उम्मीदवार तावड़े 2012 में पार्टी में शामिल हुई थीं और उसी साल नगरसेविका चुनी गयी थीं। नगरसेविक के तौर पर अपने पहले कार्यकाल के दौरान उन्होंने शिक्षा समिति की अध्यक्षता की और स्थानीय बुनियादी ढांचे, पानी की आपूर्ति और सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को उठाने में सक्रिय रूप से शामिल रहीं। घाटकोपर पूर्व (वार्ड 132) की दो बार की नगरसेविका अपने पिछले कार्यकाल के दौरान दुकानों में पुतलों पर आपत्तिजनक कपड़ों का मुद्दा उठाने के लिए सुर्खियों में आई थीं। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए साटम ने कहा कि मुंबई को 44 साल बाद भाजपा का महापौर मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़



महायुति बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को भ्रष्टाचार के चंगुल से आज़ाद कराने का काम करेगी। उन्होंने कहा, नामांकन पत्र दाखिल करने की आज़ादी सभी को है। हमारे पास 118 नगरसेवकों का समर्थन है और ज्यादा सदस्यों का भी समर्थन है। भाजपा नेता ने कहा कि महायुति ने पहले दिन से ही कहा था कि मुंबई का महापौर मराठी और हिंदू होगा और बताया कि अब शहर को एक मराठी, मालवणी, कोंकणी और हिंदू महापौर मिलेगा। साटम ने कहा कि शिवसेना ने ज्यादा पार्टी कार्यकर्ताओं को मौका देने के लिए उपमहापौर का कार्यकाल 15 महीने का रखा होगा।

# भारतीय छात्र ने लंदन में 'थॉमस टूर' सेवा शुरू की

यशोभूमि/ भाषा

**लंदन।** लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई) से हाल ही में मैक्रो-इकोनॉमिक्स में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने वाले केरल के एक छात्र ने रोजी-रोटी कमाने और ब्रिटेन में नौकरी की तलाश में जुटे स्नातकों का मनोबल बढ़ाने के लिए 'थॉमस टूर्स' नाम की अनूठी टूर गाइड सेवा शुरू की है। तिरुवल्ला के मल्लापल्ली गांव के रहने वाले जेम थॉमस मैथ्यू (23) ने अपने दादा के नाम पर 'थॉमस टूर' सेवा शुरू की है, जो उन्हीं की तरह नौकरी की तलाश में जुटे युवाओं को अंशकालिक आधार पर रोजगार हासिल करने का मौका देती है। 'थॉमस टूर' के तहत जेम ने ऐसे यात्रा पैकेज तैयार किए हैं, जो आगंतुकों को कम खर्च में बेहतरीन सुविधाओं के साथ किसी स्थानीय व्यक्ति की तरह लंदन के विभिन्न स्थलों का दौरा करने का अवसर प्रदान करेंगे।

**यात्रा पैकेज किया है तैयार**

जेम के मुताबिक कि हमारी खासियत यह है कि हम आगंतुकों की सहूलियत के अनुसार यात्रा कार्यक्रम तैयार करते हैं, जिसके तहत उन्हें स्थानीय लोगों की तरह ट्यूब (लंदन भूमिगत मेट्रो प्रणाली) और रेड बस सेवा के जरिये पूरे शहर में घुमाया जाता है।

# कोलकाता में इंटरनेशनल साइबर क्राइम रैकेट का हुआ भंडाफोड़

यशोभूमि/ एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस की साइबर क्राइम ब्रांच ने शनिवार को एक अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोह का पर्दाफाश किया। यह गिरोह अमेरिका के नागरिकों को निशाना बना रहा था और पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के महेशतला इलाके से काम कर रहा था। इस मामले में पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बड़ी मात्रा में डिजिटल डेटा, आपत्तिजनक दस्तावेज और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। पुलिस

**आठ लोग गिरफ्तार**



सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार लोगों के पास से पांच लैपटॉप, 12 मोबाइल फोन और दो राउटर जब्त किए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की अलग-अलग धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। जांच में पता चला है कि आरोपी ने महेशतला के शिबरामपुर इलाके में एक रिहायशी कॉम्प्लेक्स में फ्लैट किराए पर लेकर वहां एक फर्जी कॉल सेंटर बनाया था। उन्होंने खुद को एक बड़ी आईटी कंपनी का टेक्निकल सपोर्ट कर्मचारी बताकर लोगों से बात की। इसके अलावा, उन्होंने यह दावा किया कि वे अमेरिका के कई बड़े और जाने-माने बैंकों के टेक्निकल कामकाज भी संभालते थे।

# बाइक सवार की मौत के मामले में उप-ठेकेदार गिरफ्तार

यशोभूमि/ भाषा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के जनकपुरी में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा खोदे गए गड्ढे में गिरकर एक बाइक सवार की मौत के मामले में एक

**तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई**

उप-ठेकेदार को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी शनिवार को अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि जांच में पता चला है कि उप-ठेकेदार राजेश प्रजापति को दुर्घटना की सूचना कई घंटे पहले दी गई थी,लेकिन उसने कोई कार्रवाई



नहीं की। जांच के अनुसार, उसी दरमियानी रात को इलाके से गुजर रहे एक परिवार ने देखा कि कमल (25) संभवतः गड्ढे में गिर गया है। उन्होंने घटनास्थल पर तैनात एक सुरक्षा गार्ड और पास के एक तंबू में रहने वाले व्यक्ति को तुरंत इसकी सूचना दी। पुलिस ने कहा कि प्रजापति द्वारा नियुक्त सुरक्षा गार्ड ने उसी रात एक कनिष्ठ कर्मचारी को सूचित किया कि एक व्यक्ति गड्ढे में गिर गया है। पुलिस ने बताया कि इसके बाद कनिष्ठ कर्मचारी ने रात करीब 12 बजकर 22 मिनट पर प्रजापति को फोन किया और उन्हें मौके पर आने के लिए कहा। अधिकारियों ने बताया कि प्रजापति बाद में घटनास्थल पर पहुंचा और उसने गड्ढे के अंदर एक मोटरसाइकिल और व्यक्ति को देखा,लेकिन उसने इस बारे में किसी को सूचित नहीं किया और वापस घर चला गया। कैलाशपुरी निवासी और एक निजी बैंक के कर्मचारी कमल ध्यानी जब घर लौट रहे थे तभी वह सीवर पाइपलाइन परियोजना के लिए खोदे गए लगभग 15 फुट गहरे गड्ढे में गिर गए।

**परिवार ने जल बोर्ड पर लापरवाही का लगाया आरोप**

दिल्ली सरकार ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं जबकि कमल के परिवार ने जल बोर्ड की ओर से लापरवाही का आरोप लगाया है और उसकी मौत में साजिश की आशंका जताई है। पुलिस ने कहा कि जांच प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।